कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

आदेश

02/नि०स्था० (प्रोन्नति–01) – 12/2023

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 19300 दिनांक 13.10.2023 द्वारा अधिसूचित ''अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023'' में निहित शर्त्तों के अधीन विभागीय स्क्रीनिंग समिति की दिनांक 24.04.2026 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की कंडिका–03 (च) द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन सहकारिता विभाग क्षेत्रीय लिपिक संवर्ग के निम्नवर्गीय लिपिक (मूल कोटि, वेतन स्तर–02) कोटि के निम्नांकित कर्मियों को वरीयता एवं अर्हता पूरी करने के आधार पर उच्च वर्गीय लिपिक (प्रोन्नति का प्रथम स्तर, पे लेवल–04) के उच्चतर पद का अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार प्रदान किया जाता है :–

क्र.सं.	नाम	वर्तमान पदनाम	वरीयता क्रमांक (2025)
1	2	3	4
1	**श्री राजीव नन्द किलियार**	**निम्न वर्गीय लिपिक**	**123**
2	**श्री अमित कुमार अकेला**	**निम्न वर्गीय लिपिक**	**128**

2० उपर्युक्त कर्मियों द्वारा वर्तमान धारित पद को अगले आदेश तक उच्चवर्गीय लिपिक (वेतन स्तर–04) में उत्क्रमित किया जाता है।

3० उक्त कार्यकारी प्रभार का आर्थिक लाभ उच्चतर पद पर योगदान की तिथि से अनुमान्य होगा।

4० कार्यकारी व्यवस्था की यह प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील संख्या–4880/2017 राज्य सरकार एवं अन्य बनाम् सुशील कुमार सिंह एवं अन्य तथा अन्य सम्बद्ध वादों में पारित होने वाले अंतिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होने की शर्त्त पर उपरोक्त अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार औपबंधिक रुप से प्रदान किया जा रहा है।

5० उपरोक्त आदेश में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/- 5-5-26
(अवधेश कुमार)
अवर सचिव,

ज्ञापांक 4458 /पटना, दिनांक 05.05.2026
02/नि०स्था० (प्रोन्नति–01) – 12/2023,

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित निम्न वर्गीय लिपिक को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी सहायक निबंधक, स.स. (खादी सहित)/जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स.स./जिला सहकारिता पदाधिकारी/प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा/उप मुख्य अंकेक्षक, स.स./संयुक्त निबंधक, स.स. (अंकेक्षण सहित)/सचिव, बिहार स्वावलम्बी सहकारी अधिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सरकार के उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आप्त सचिव, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– विभागीय आई.टी.मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेव साईट पर अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।

ह०/- 5-5-26
अवर सचिव।